हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, शनिवार 7 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 35 .5 डिग्री
न्यूनतम 13 .7 डिग्री

12 दिशा की मीटिंग से कई अधिकारी गायब ...



12 नप की मीटिंग में हंगामा, चार सदस्यों ने अफसरों ...



## खबर संक्षेप

### किशोरी को शादी का झांसा देकर किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में युवक ने शादी का झांसा देकर किशोरी को अगवा कर लिया। पुलिस ने किशोरी के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की एक कालोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 15 वर्षीय लड़की चार मार्च को रात का खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो गई थी। रात को 11 बजे उसकी आंख खुली तो उसे अपनी लड़की घर से गायब मिली। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को परवेज नामक युवक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

### निर्माणाधीन मकान से लाखों का सामान चोरी

**यमुनानगर।** शहर की सत्संग विहार कॉलोनी में चोरों ने निर्माणाधीन मकान से करीब तीन लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव खुंडेवाला निवासी हुकम सिंह ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सत्संग विहार कॉलोनी में मकान बना रहा है। 26 फरवरी को रात साढ़े आठ बजे वह निर्माणधीन मकान का काम खत्म करवा कर अपने घर चला गया था। अगले दिन सुबह नौ बजे जब वह निर्माणधीन मकान पर पहुंचा तो वहां से उसे समान गायब मिला।

### रास्ता रोककर मां-बेटे के साथ मारपीट

**यमुनानगर।** गांव खजुरी निवासी सुमन ने जठलाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि चार मार्च को वह अपने लड़के साहिल व मांगाराम के साथ किसी काम से जा रही थी। रास्ते में विशाल ने उन्हें रोक लिया और उनके साथ मारपीट करने लगा। शोर सुनकर जब आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर वहां से फरार हो गया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी।

### सरसों की सरकारी खरीद की मांग

**रादौर।** भारतीय किसान संघ हरियाणा द्वारा कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा को मांगपत्र भेजकर सरसो की खरीद 8 मार्च को करने की मांग की है। मांग पत्र में संघ के प्रदेश महासचिव रामबीर सिंह चौहान ने बताया कि सरसों पिछले 1 महीने से मंडी में पहुंच रही है। सरकारी खरीद न होने के कारण किसान को कम भाव में सरसों बेचनी पड़ रही है। अनाज मंडियों में सरकारी भाव से 1000 कम सरसों बिक रही है। इस लूट को रोकने के लिए सरकार को आगे आना चाहिए।

### घर में घुसकर मामा भांजा को पीटा

**यमुनानगर।** शहर की पटेल नगर कॉलोनी में होली पर्व पर दो युवकों ने घर में घुसकर मामा भांजा को पीट कर घायल कर दिया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### 14.37 लाख के गुमशुदा मोबाइल बरामद

**अंबाला।** साइबर सेल की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए विभिन्न स्थानों से गुम हुए 69 मोबाइल फोन ढूंढ निकाले हैं। बरामद किए गए इन स्मार्टफोन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 14 लाख 37 हजार रूपए बताई जा रही है। पुलिस कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एएसपी उत्तम ने मोबाइल मालिकों को उनके फोन सौंपे। अपने खोए हुए कीमती मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। मोबाइल मालिकों ने साइबर सेल की कार्यकुशलता की सराहना करते हुए पुलिस टीम का धन्यवाद किया। मोबाइल गुम होने की स्थिति में घबराए नहीं।

## शहीद सूबेदार धर्मवीर को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

हवा में फायरिंग कर जवानों ने दी सलामी

सिक्किम में ड्यूटी के दौरान लापता हो गए थे सूबेदार

- भारत माता की जय व शहीद धर्मवीर अमर रहे के नारों से पूरा गांव देशभक्ति मय हो गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

भारतीय सेना के वीर शहीद सूबेदार धर्मवीर को उनके पैतृक गांव में भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सामुदायिक भवन साबापुर में बिग्रेडियर संजय ठाकुर, बिग्रेडियर दीपक मान व एसडीएस विनेश कुमार तथा जिला सैनिक बोर्ड के सचिव कर्नल श्योरण ने शहीद के चित्र पर पुष्पचक्र चढ़ाकर उन्हें नमन किया। सेना की टुकड़ी ने हवा में गोलियां दागकर सलामी दी। साबापुर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीणों ने भी शहीद सूबेदार धर्मवीर को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सेना से रिटायर्ड कर्मियों व अन्य लोगों ने भारत माता की जय व शहीद धर्मवीर अमर रहे के नारों से पूरा गांव देशभक्ति मय हो गया।





**अंबाला।** सेना के जवान शहीद सूबेदार के पार्थिव शरीर को लेकर आते हुए व सलामी देते हुए जवान। फोटो: हरिभूमि

### एक जून 2025 को लापता हो गए थे

बता दें कि शहीद सूबेदार धर्मवीर यूनिट 112 रूद्रा ब्रिगेड उत्तर सिक्किम में तैनात थे। एक जून 2025 को अधिक बरसात होने के कारण हुए भीषण भूस्खलन ड्यूटी पर तैनात सूबेदार धर्मवीर अपने साथियों को निकालते समय लापता हो गए थे। भारतीय सेना के जवानों द्वारा उन्हें तलाशने के हर संभव प्रयास किए गए थे लेकिन उनका कहीं भी सुराग नहीं लग पाया था। उनके इस बलिदान के लिए मरणोपरांत उन्हें सेना मेडल प्रदान करने की अनुंशसा की गई। इसी वजह से यहां पर सामुदायिक भवन में राजकीय एवं सैनिक सम्मान के साथ शहीद धर्मवीर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### शहीद धर्मवीर में देश सेवा का जज्बा था: ग्रामीण

शहीद धर्मवीर अपने पीछे अपनी पत्नी अनिता व 19 वर्षीय बेटा विवेक व 22 वर्षीय बेटी सोनम व अपने भाई राजेश तथा बहन बबीता को छोड़कर गए हैं। भावपूर्ण श्रद्धांजलि के दौरान हर व्यक्ति की आंखों में आंसू थे। देश के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले धर्मवीर पर सभी को नाज है। इस दौरान शहीद धर्मवीर की पत्नी अनिता ने बताया कि उन्हें अपने पति पर गर्व है जिन्होंने वीरता का परिचय देते हुए देश के लिए अपने प्राणों तक को न्यौछावर कर दिया है। बेटे विवेक ने भी पिता के बलिदान को अतुलनीय बताया। ग्रामीणों ने बताया कि शहीद धर्मवीर में देश सेवा का जज्बा था। उसने देश सेवा करते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर किया है जोकि उन सबके लिए गर्व की बात है। इससे सेना में जाने वाले अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलती है।

### ये लोग मौजूद रहे

इस मौके पर नायब तहीलदार हरिओम, सरंपच रीना रानी, प्रतिनिधि संदीप कुमार, भाजपा पदाधिकारी रमेश पाल नोहनी , रिटायर्ड लेफ्टिनेंट दलबीर सिंह, लेफ्टिनेंट सुरेंद्र सिंह, सेवानिवृत सूबेदार सतपाल शर्मा, अमरजीत सिंह, हवलदार जगतार सिंह, सतविंद्र सिंह, नायब सिंह, अजायब सिंह, गुरमीत सिंह, पूर्व सरपंच विनोद कुमार, गुरमीत सिंह, महावीर सिंह के साथ-साथ भारतीय सेना व जिला प्रशासन के अधिकारी व भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


## अंबाला: एटीएम कक्ष में मचाया उत्पात

# पासबुक प्रिंटर मशीन चोरी कर ले गए बदमाश

- कैश मशीन की बजाय ढाई लाख का प्रिंटर ले गए
- अंबाला के कोर्ट रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम कक्ष को बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

अंबाला शहर के कोर्ट रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम कक्ष में बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। बदमाशों ने न केवल एटीएम मशीन के साथ तोड़फोड़ की, बल्कि बैंक परिसर में लगी कीमती पासबुक प्रिंटर मशीन को भी उखाड़कर अपने साथ ले गए। ब्रांच मैनेजर अंकुश कालिया की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बैंक के सीनियर ब्रांच मैनेजर अंकुश कालिया ने बताया कि 4 मार्च की रात करीब 2 से 3 बजे के बीच बदमाशों ने एटीएम कक्ष में जबरन प्रवेश किया। बदमाशों ने लूट की नियत से एटीएम मशीन को क्षतिग्रस्त किया। जब नकदी निकालने में नाकामयाब रहे तो कक्ष में स्थापित पासबुक प्रिंटर मशीन चोरी कर ले गए। बैंक प्रबंधन के अनुसार चोरी हुई संपत्ति व मशीन की तोड़फोड़ से करीब 2.50 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।



### की जा रही जांच

बताया कि मौके पर फिंगर प्रिंट विशेषज्ञों की टीम से साक्ष्य जुटाए गए है। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा घुसपैठ व सेंधमारी और संपति को नुकसान पहुंचाने की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। -सुशील कुमार प्रभारी, पुलिस चौकी नंबर 2

### अंबाला में लेनदेन को लेकर परेशान युवक ने की खुदकुशी

**अंबाला।** मानव चौक के समीप स्थित रतनगढ़ क्षेत्र में एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने पंखे से लटककर जीवन समाप्त कर ली। मृतक की पहचान मोहित के रूप में हुई है। घटना का खुलासा तब हुआ जब उसकी पत्नी निशा ने उसे कमरे में पंखे से लटका हुआ देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस जांच अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। मोहित कपड़ा मार्केट की एक दुकान पर रुपयों के लेनदेन को लेकर पिछले कुछ समय से काफी मानसिक तनाव में था। इसी आर्थिक परेशानी के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया।

## सफाई कर्मी की संदिग्ध हालात में मौत

- बुधवार को दोस्तों के साथ होली खेलने के लिए गया था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जिले के झींवरहेड़ी गांव के सफाई कर्मी की संदिग्ध मौत हो गई। सफाई कर्मी 4 मार्च को अपने दोस्तों के साथ होली खेलने के लिए गया था और उसी दिन से लापता था। कर्मी गांव के पास ही एक ट्यूबवेल के पास नशे की हालत में पड़ा मिला। सुबह उसकी तबीयत ज्यादा खराब हुई तो परिवार उसे अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान 25 साल के मंथन के गांव झींवरहेड़ी के रूप में हुई है। मंथन कुरुक्षेत्र की जिन्दल सिटी में साफ-सफाई का काम करता था। पुलिस को मंथन के शरीर पर खरोच और इंजेक्शन लगाने के निशान मिले। साथ ही पुलिस को घटनास्थल से शराब की बोतलें और सिरिंज बरामद हुई। देसराज ने पुलिस को बताया कि 4 मार्च को उसका बेटा मंथन गांव के अपने दोस्त मनदीप और आकाश के साथ गया था। रात करीब 3 बजे मंथन की मां सुनीता ने उसके दोस्त मनदीप को फोन किया। इसके बाद मनदीप घर आया और परिवार के साथ मिलकर मंथन की तलाश शुरू कर दी। कुछ देर बाद गांव के पास डेरा बैडसाल के शेर सिंह के ट्यूबवेल पर नशे की हालत में पड़ा मिला

## सर्विस लेन नहीं बनी तो मेरठ रोड जाम की चेतावनी

- एसडीएम ने दिलाया भरोसा हर हाल में बनानी होगी सर्विस लेन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

गांव सोहाना के समीप भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में चल रहा धरने को करीब एक माह होने जा रहा है लेकिन प्रशासन के कान पर जूं तक नहीं रेंगी। आज भाकियू के विरोध प्रदर्शन के दौरान किसानों ने रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग भी उठाई। जिला सचिवालय के सामने किसानों के विरोध प्रदर्शन के बीच एसडीएम प्रदीप कुमार पहुंचे। एसडीएम ने किसान नेताओं को पत्र दिखाकर कहा कि रिंग रोड पर सर्विस लेन बनाने को लेकर एनएचएआई अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। रतनमान ने एसडीएम से बातचीत करते हुए कहा कि सर्विस लेन बनाए जाने को लेकर एनएचएआई अधिकारियों के साथ पूर्व में लिखित में फैसला भी हुआ है जिसको लेकर अब एनएचएआई अधिकारी आनाकानी कर रहे हैं। जिला प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान ने कहा कि जब तक सर्विस लेन का निर्माण नहीं होगा तब तक रिंग रोड पर धरना बदस्तूर जारी रहेगा। मेरठ रोड भी जाम करने की चेतावनी दी है। किसी भी रूप में धरने को समाप्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन ने मध्यस्ता करके इसका समाधान निकाले।



एसडीएम से बातचीत करते हुए किसान।

## हत्या के प्रयास में दोषी को सात साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश की अदालत ने हत्या का प्रयास मामले के दोषी अमित वासी रायसन जिला करनाल को 7 साल कठोर कारावास व 18 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 27 जुलाई 2023 को पुलिस को झगड़े के कारण युवक को चोट लगने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम हस्पताल पहुंची जहां पर नीरज चंचल वासी पीपली जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसे उसके भतीजे इस्माईल के साथ देवीलाल पार्क में लड़कों द्वारा मारपीट करने व चाकू से चोट मारने की खबर मिली थी। उसके भतीजे स्माईल ने उसे बताया कि 26 जुलाई 2023 को शाम के समय ताऊ देवी लाल पार्क में घूमने गया था। पार्क में देव वासी समाना, अमित वासी रायसन जिला करनाल व अन्य लड़कों ने उसके साथ मारपीट की तथा उसपर चाकुओं से हमला करके जान से मारने की कोशिश की। उसे इलाज के लिए हस्पताल में दाखिल करवाया गया। पुलिस ने थाना सदर थानेसर में मामला दर्ज करके जांच पुलिस चौकी सेक्टर-4 कुरुक्षेत्र के उप निरीक्षक गुलजार सिंह द्वारा की गई। तफ्तीश के दौरान आरोपी अमित वासी रायसन जिला करनाल को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी को गिरफ्तार करके कारागार भेज दिया था। मामले का चालान माननीय अदालत में दिया गया था। मामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश की अदालत की अदालत ने दोषी ठहराते हुए सात साल की सजा सुनाई है।

## किशोरी से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी युवक धरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जगाधरी की बूड़िया गेट चौकी पुलिस ने भंडारे से लौट रहे किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार चौकी इंचार्ज जसपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि तीन मार्च को उनके पड़ोस में एक भंडारा था। उसकी 12 वर्षीय लड़की जब भंडारे से घर पर वापस आ रही थी तो उनके पड़ोस में रहने वाले एक लड़के पंकज ने उसकी लड़की का पीछा करते हुए उसे पकड़ लिया। आरोपी उसे खींच कर गली की साइड़ में लगा। जहां आरोपी ने उसकी लड़की के साथ छेड़छाड़ की। इस शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पंकज के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए पंकज को गिरफ्तार कर लिया।



**यमुनानगर।** बूड़िया गेट पुलिस चौकी टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक।

## कुरुक्षेत्र के ढांड रोड पर दर्दनाक हादसा

# पिकअप की टक्कर लगने से बाइक सवार प्लंबर की मौत

हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर अपनी गाड़ी लेकर फरार हो गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

ढांड रोड पर पिकअप गाड़ी की टक्कर लगने से बाइक सवार प्लंबर की मौत हो गई। प्लंबर बाइक लेकर किसी काम से दूसरे गांव में जा रहा था। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर अपनी गाड़ी लेकर फरार हो गया। एक्सीडेंट के बाद जानकार ने उसे अस्पताल तक पहुंचाया। मृतक की पहचान 24 साल के राहुल निवासी खादी कॉलोनी मिजार्पुर के रूप में हुई। राहुल शादीशुदा था। होली पर राहुल का साला दीपक घर आया हुआ था। करीब 3 साल पहले राहुल की शादी नेहा के साथ हुई थी। राहुल की पत्नी करीब 7 माह की गर्भवती है। कमोदा गांव के प्रसोतम ने परिवार को राहुल के एक्सीडेंट की सूचना दी थी। बलबीर सिंह निवासी मिजार्पुर ने बताया कि उसका बेटा राहुल अपने 5 भाई-बहनों में सबसे छोटा था। राहुल अपने साले दीपक की बाइक लेकर किसी काम से कमोदा जा रहा था। शाम करीब 5:30 बजे उन्हें सूचना मिली कि राहुल का एक्सीडेंट हो गया है और राहुल एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती है। वह सूचना मिलते ही परिवार के साथ तुरंत अस्पताल पहुंचा। यहां चोटें लगने के कारण डॉक्टरों ने उसके बेटे को मृत घोषित कर दिया। राहुल को अस्पताल पहुंचाने वाले प्रसोतम ने उसे बताया कि संतरे से लोड पिकअप गाड़ी ने तेज स्पीड से गलत साइड में जाकर राहुल की बाइक को सीधी टक्कर मारी। पुलिस ने गाड़ी नंबर के आधार पर थाना केयूके में केस दर्ज कर लिया।




## श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में शिविर में 145 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई

# मोटापा एक गंभीर वैश्विक स्वास्थ्य समस्या नियंत्रण करना बेहद जरूरी: वीसी प्रो. धीमान

*स्वस्थ जीवनशैली, नियमित व्यायाम करें और जंक फूड से परहेज करें*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि वर्तमान समय में मोटापा एक गंभीर वैश्विक स्वास्थ्य समस्या बनता जा रहा है। अनियमित जीवनशैली, असंतुलित आहार और शारीरिक गतिविधियों की कमी इसके प्रमुख कारण हैं।

आयुर्वेद में संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या, योग और प्राकृतिक उपचार के माध्यम से मोटापे को नियंत्रित करने के प्रभावी उपाय बताए गए हैं। वे शुक्रवार को विश्व मोटापा दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के काय चिकित्सा विभाग द्वारा आयुर्वेदिक अस्पताल के ओपीडी नंबर-56 में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, नियमित व्यायाम करें और जंक फूड से परहेज करें।



इस अवसर पर कुलपति प्रो. धीमान ने स्थौल्य (मोटापा) पर शोध कर रही पीजी छात्रा डॉ. निशा से बातचीत करके औषधियों से रोगियों को मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी ली। काय चिकित्सा विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नेहा लांबा ने बताया कि शिविर में कुल 145 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिनमें से 70 मरीजों में मोटापे की समस्या पाई गई और बचने के लिए टिप्स दिए गए।

### कैल्शियम और विटामिन डी की कमी से कमजोर हो रही हड्डियां

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में शल्य तंत्र विभाग द्वारा हड्डियों की जांच (बीएमडी) के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विशेषज्ञों की टीम ने 90 से अधिक रोगियों की हड्डियों की जांच की। जांच के दौरान लगभग 50 रोगियों में ऑस्टियोपीनिया (हड्डियों की प्रारंभिक कमजोरी) पाया गया, 36 रोगियों की रिपोर्ट सामान्य आई, जबकि 2 से 3 रोगियों में ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों की गंभीर कमजोरी) की पुष्टि हुई। संस्थान के विशेषज्ञों ने बताया कि यह समस्या मुख्यतः कैल्शियम और विटामिन-डी की कमी, कम शारीरिक गतिविधि, बढ़ती उम्र, असंतुलित आहार और हार्मोनल बदलाव के कारण उत्पन्न होती है। यदि समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए तो आगे चलकर यह स्थिति फ्रैक्चर, कमर दर्द, घुटनों में दर्द और चलने-फिरने में कठिनाई का कारण बन सकती है।

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने घोषित किए 20 परीक्षाओं के परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों की 20 परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि इन परिणामों को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, जहां विद्यार्थी अपना परिणाम देख सकते हैं। जिन परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं, उनमें दिसम्बर 2025 में आयोजित बी.एससी. (फिजिकल एजुकेशन, हेल्थ एजुकेशन एवं स्पोर्ट्स) 5वां सेमेस्टर, बीएचएमसीटी 7वां सेमेस्टर (फ्रेश/री-अपीयर) नॉन-सीबीसीएस, बीटेक 8वां सेमेस्टर (सीएसई), बीएससी (इंटीरियर डिजाइनिंग) पहला सेमेस्टर, बीएससी (इंटीरियर डिजाइनिंग) 5वां सेमेस्टर, डिप्लोमा इन योगा एंड एप्लाइड फिलॉसफी प्रथम सेमेस्टर, एम.टेक (एनर्जी एंड एनवायरनमेंट मैनेजमेंट) प्रथम सेमेस्टर, बीसीए 5वां सेमेस्टर (री-अपीयर), बीएससी (होम साइंस) तीसरा सेमेस्टर, बीए 5वां सेमेस्टर (री-अपीयर), बी वोक इन हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट प्रथम और तृतीय सेमेस्टर, बीए (एमसी) प्रथम सेमेस्टर (री-अपीयर) नॉन-सीबीसीएस तथा सर्टिफिकेट कोर्स इन मॉरल एंड स्पिरिचुअल काउंसलिंग पहला सेमेस्टर शामिल हैं। उन्होंने बताया मई 2025 में आयोजित बी.टेक चतुर्थ सेमेस्टर (सिविल) आईयूएमएस, बीटेक चतुर्थ सेमेस्टर (सीएसई) आईयूएमएस, बी.टेक चतुर्थ सेमेस्टर (केमिकल, बायोटेक, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, टेक्सटाइल) बी टेक चतुर्थ सेमेस्टर (कंप्यूटर इंजीनियरिंग/आईटी), बी टेक चतुर्थ सेमेस्टर (ईई, ईईई, ईसीई) आईयूएमएस, बीएससी (ऑनर्स) गणित दूसरा सेमेस्टर तथा बीएएलएलबी (ऑनर्स) छठा सेमेस्टर कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं।

## खबर संक्षेप




### ओंगद विद्यालय में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया

**करनाल।** करनाल के ओंगद स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अगौंध में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव समारोह बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम प्रधानाचार्य नरेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मंच संचालन श्रीमती अंजू शास्त्री, राजेश कौशिक और जगदीश कुमार ने किया। विद्यालय की वार्षिक गतिविधियों का विवरण रसायन शास्त्र के प्रवक्ता बीरेंद्र सिंह ने प्रस्तुत किया, जिसमें पूरे वर्ष के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक, खेल और अन्य उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

### सिंगर बादशाह के गीत को लेकर विरोध जताया

**करनाल।** प्रसिद्ध गायक बादशाह द्वारा गाए गए हरियाणवी गीत टटीरी को लेकर भारतीय किसान यूनियन हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक को शिकायत भेजकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की है। गीत में महिलाओं और बच्चियों के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है।

### आंगनबाड़ी वर्कर्स, पंच के लिए वर्कशॉप

**करनाल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व महिला एवं बाल विभाग की जिला कार्यकारी अधिकारी के सौजन्य से गांव काछवा में आंगनवाड़ी वर्कर्स, पंच, नम्बरदार और स्टाफ के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने वर्कशाप की अध्यक्षता की। उन्होंने कार्यस्थल पर यौन उत्पीडऩ अधिनियम की जानकारी दी।

### विशेष मुरली रूपी सत्संग का आयोजन

**तरावड़ी।** तरावड़ी ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आश्रम में साप्ताहिक विशेष मुरली रूपी सत्संग का आयोजन श्रद्धा एवं आध्यात्मिक उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बी के भाई-बहनों ने भाग लेकर ईश्वरीय ज्ञान का लाभ उठाया। आश्रम की सह संचालिकाये बीके इंदु एवं बीके रीना बहनों ने उपस्थित साधकों को ओम शांति का स्मरण कराते हुए आज की मुरली की प्रमुख कथा पर प्रकाश डाला।

### 12 को होगी कला संगम चित्रकला प्रतियोगिता

**करनाल।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के तहत नगर निगम की ओर से 12 मार्च को कला संगम-3 चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता महाराजा अग्रसेन चौक से आईटीआई चौक जाने वाली सड़क पर स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र की दीवार पर करवाई जाएगी। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी।

---

### चिकित्सकों ने दोषी पुलिसकर्मियों पर मामला दर्ज करने की मांग उठाई

# एसएचओ-डॉक्टर विवाद ने बढ़ाया तनाव जिले में स्वास्थ्य सेवाएं हो रहीं प्रभावित








**करनाल।** अस्पताल में बंद ओपीडी सेवाएं, सस्पेंड एसएचओ के समर्थन में पहुचे लोग व हड़ताल पर बैठे डॉक्टर।

**ओपीडी के साथ-साथ पोस्टमार्टम भी बंद कर दिया गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

घरौंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एसएचओ और डॉक्टर के बीच हुए विवाद ने अब तूल पकड़ लिया है। घटना के बाद डॉक्टरों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। विरोध के चलते करनाल के नागरिक अस्पताल में कई स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गईं। ओपीडी के साथ-साथ पोस्टमार्टम भी बंद कर दिया गया, जिससे मरीजों और मृतकों के परिजनों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। डॉक्टरों का कहना है कि इस मामले को लेकर सुबह ही सीएमओ कार्यालय की ओर से पुलिस अधीक्षक करनाल को ईमेल के माध्यम से शिकायत भेज दी गई थी। इसके बावजूद देर रात तक न तो मामला दर्ज किया गया और न ही कोई ठोस कार्रवाई सामने आई। चिकित्सकों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन अपने कर्मचारियों को बचाने की कोशिश कर रहा है, जिससे डॉक्टरों में आक्रोश बढ़ गया है। मामले में घरौंडा थाना प्रभारी दीपक कुमार को निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया गया है, लेकिन डॉक्टर इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि घटना गंभीर है और केवल निलंबन से बात नहीं बनेगी। चिकित्सकों की मांग है कि एसएचओ दीपक कुमार सहित संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जाए। पुलिस विभाग में भी हलचल बनी रही।

#### एसपी ने की डॉक्टरों के साथ बैठक

देर रात करीब 10 बजे पुलिस अधीक्षक स्वयं सीएमओ कार्यालय पहुंचे और डॉक्टरों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। बैठक के दौरान डॉक्टरों ने स्पष्ट कहा कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए बिना आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। विवाद का असर अस्पताल की व्यवस्थाओं पर भी दिखाई दिया। पोस्टमार्टम बंद होने के कारण कई परिवार अपने परिजनों के शव के साथ अस्पताल परिसर में इंतजार करते रहे। एक रोती-बिलखती मां ने बताया कि उसके 20 वर्षीय बेटे सुमित ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए करनाल लेकर आई, लेकिन लंबे समय तक प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। लोगों का कहना है कि विवाद अपनी जगह है, लेकिन कम से कम आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं बंद नहीं होनी चाहिए थीं, क्योंकि इससे आम लोगों को परेशानी होती है। बताया जा रहा है कि करनाल के नागरिक अस्पताल के इतिहास में संभवतः पहली बार ऐसा हुआ है जब आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। इस घटना को लेकर प्रदेशभर के डॉक्टरों में भी रोष देखा जा रहा है।

#### एसएचओ के समर्थन में उतरे ग्रामीण

घरौंडा क्षेत्र के कई ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने एसएचओ के समर्थन में आवाज उठाई। सरपंच विशाल शर्मा अलीपुर खालसा, नवीन राणा बरसत सरपंच, पूर्व सरपंच रमेश वर्मा, पूर्व सरपंच शौकीन पहलवान, मंडी प्रधान हैप्पी परसिया, मोहित सोनी सहित अन्य लोगों ने कहा कि मेडिकल एसोसिएशन के दबाव में बिना पूरी जांच के एसएचओ को निलंबित करना उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए विशेष जांच समिति बनाई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके। उनका यह भी कहना है कि विवाद के दौरान डॉक्टर की ओर से भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था, जिसका वीडियो भी सामने आया है।

---



तरावड़ी। पर्ची बनवाने के लिए बैठे मरीज। *फोटो : हरिभूमि*

### अस्पताल में भटकते रहे मरीज

## तरावड़ी में डॉक्टरों की हड़ताल, ओपीडी बंद

- छोटे बच्चों का नहीं हो पाया टीकाकरण का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

घरौंडा में डॉक्टर और पुलिस के बीच हुई मारपीट की घटना के विरोध में जिलेभर के डॉक्टरों द्वारा हड़ताल की गई। इसी के चलते आज तरावड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी डॉक्टरों ने काम बंद रखा। हड़ताल के कारण अस्पताल की ओपीडी पूरी तरह बंद रही और कोई भी डॉक्टर अपनी सीट पर उपस्थित नहीं था। अस्पताल में इलाज करवाने और दवाई लेने के लिए आए मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। दूर-दराज से आए मरीज अस्पताल में इधर-उधर भटकते नजर आए, लेकिन ओपीडी शुरू न होने के कारण उन्हें बिना इलाज के ही वापस लौटना पड़ा। इसी दौरान महिला शांति देवी अपने बच्चें को टीकाकरण करवाने के लिए अस्पताल पहुंची थी। शांति देवी ने बताया कि वह सुबह से अपने बच्चों को टीका लगवाने के लिए आई हुई है, लेकिन डॉक्टरों की हड़ताल के कारण टीकाकरण नहीं हो पाया। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों को लेकर आने में काफी परेशानी होती है।



**तरावड़ी।** बच्चे को टीकाकरण करवाने के लिए बैठी महिला।

मरीजों का कहना है कि अस्पताल में डॉक्टरों की हड़ताल के कारण आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं डॉक्टरों का कहना है कि घरौंडा में हुई घटना के विरोध में जिले के सभी डॉक्टरों ने हड़ताल कर अपना रोष जताया है।

---

## संगठन मजबूती के लिए की चर्चा

- देश भर के सभी रिटायर्ड कर्मचारी वित्त विधेयक वापस होने तक आंदोलन करते रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल




रिटायर्ड कर्मचारी संघ की ब्लॉक चिड़ाव की मीटिंग खंड प्रधान जगन्नाथ राणा की अध्यक्षता में प्रजापति (कुम्हार) धर्मशाला जुंडला में हुई। बैठक का संचालन खंड सचिव राजपाल शाहपुर ने किया। विशेष रूप से ईश्वर सिंह नरवाल, नन्हाराम, बाबूराम, सुरेंद्र सिंह रावत, ईश्वर हथलाना, मनोहरलाल, बलराज सिंह पहुंचे। इस मौके पर सुरेन्द्र रावत, जगन्नाथ राणा व जोगीराम ने संबोधित करते हुए सफल राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन में सहयोग करने पर धन्यवाद किया। जिला प्रधान बलराज सिंह, मनोहर लाल व ईश्वर सिंह ने कहा कि पूरे देश के सभी सरकारी विभागों, बोर्ड, निगम, कार्पोरेशन,मान्यता प्राप्त संस्थाओं के रिटायर्ड कर्मचारी वित्त विधेयक वापस होने तक आंदोलन करते रहेंगे। संगठन मजबूती के लिए सदस्यता बढ़ाने, साथियों के पैंडिंग काम लिखित में लाने उनका हल करवाने बारे चर्चा की गई। मीटिंग में बलकार सिंह नरवाल, रामकुमार, जोगीराम, महासिंह, नन्हाराम, प्रीतम सिंह, टेकचंद, राम दत्त शर्मा, सुमेर सिंह, मलखान सिंह, ईश्वर सिंह, सेवा राम, व शमशेर मौजूद रहे।

## शिविर में 70 युवाओं ने किया रक्तदान

- विधायक रामकुमार कश्यप के जन्मदिन पर लगाया गया शिविर
- रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं होता : निर्मल कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭इंद्री



**इंद्री।** गुरु रविदास मंदिर इंद्री में लगे रक्तदान शिविर मे रक्तदाताओं को बेंज लगाते निर्मल कश्यप। *फोटो : हरिभूमि*

गुरु रविदास मंदिर इंद्री में विधायक रामकुमार कश्यप के जन्मदिन पर श्री गुरु रविदास सभा, एनजीएसयू ग्रुप हरियाणा, छत्रपति संभाजी राजे ब्रिगेड हरियाणा व जेम्स इंग्लिश क्लब के सौजन्य से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे रक्तदाताओं ने करीब 70 युनिट रक्तदान किया। रक्त एकत्रित करने में सेव लाईफ ब्लड़ सैंटर करनाल की टीम ने रक्त एकत्रित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक रामकुमार कश्यप के पुत्र निर्मल कश्यप ने शिरकत कर शिविर का शुभारंभ रक्तदाताओं को बैंज लगाकर किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। आप के द्वारा किए गए रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान करने से शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। रक्त केवल मानव शरीर में ही बनता है।

#### ये रहे मौजूद

इसका कोई अन्य विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से व्यक्ति खुद भी कई बीमारियों से अपना बचाव कर सकता है। इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं को बैंज लगाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर एनजीएसयू के प्रधान बलवान सिंह, श्री गुरु रविदास सभा प्रधान बलराज चहल, संदीप, संजीव, रमन सैनी, विजय कश्यप, सतीश सरोहा, रिंकू, लक्की, सौरभ, गुलशन व प्रवीन आदि मौजूद रहें।

## ट्रैक्टरों के साथ किसानों ने किया प्रदर्शन

- भारत-अमेरिका कृषि समझौते के विरोध में पुतले फूंके, मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



भारत-अमेरिका कृषि व्यापार समझौते सहित विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को करनाल में किसानों का गुस्सा सड़कों पर दिखाई दिया। भारतीय किसान यूनियन के आह्वान पर सैकड़ों किसानों ने ट्रैक्टरों के साथ शहर में रैली निकालकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। रैली देवी लाल चौक से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए जिला सचिवालय पहुंची। यहां किसानों ने रोष जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंककर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने कहा कि किसान लंबे समय से अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन उनकी समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगों को लेकर जिला उपायुक्त से मिलने पहुंचे किसानों को घंटों तक सचिवालय के द्वार पर इंतजार करना पड़ा, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के तानाशाह कारण शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का माहौल तनावपूर्ण हो गया। किसान घंटों तक भूखे-प्यासे सचिवालय के बाहर इंतजार करते रहे।

#### 31 मार्च को जींद में होगी ललकार

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 31 मार्च को जींद में विशाल ललकार रैली आयोजित की जाएगी। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में जींद पहुंचने और अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की। रैली में राष्ट्रीय स्तर के किसान नेता शामिल होंगे।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मेहताब कादियान, श्याम सिंह मान, सुरेंद्र सांगवान, सुरेंद्र घुम्मन, दिलावर डबकोली, सुभाष गुज्जर, दीप राणा, राजीव आर्य, भूरा राम पबनावा, छज्जू राम कंडेला, धनेत्तर राणा, जोगिंद्र झींडा, राम दुरेजा, साहब सिंह बाजवा, रामफल नरवाल, राजेंद्र राणा सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## सभी वार्डों के लिए एरिया सभा गठित

- दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, वृद्ध अवस्था पेंशन एवं विधवा पेंशन के लाभार्थियों का करेंगे सत्यापन : डा. वैशाली

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल




नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, वृद्ध अवस्था पेंशन एवं विधवा पेंशन के लाभार्थियों के सत्यापन के लिए एक बार पुनः एरिया सभा का गठन किया गया है। एरिया सभा की बैठकें दो दिन यानि दिनांक 14 व 15 मार्च 2026 को सभी वार्डों में आयोजित की जाएंगी। निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के सभी 20 वार्डों के लिए एरिया सभा बनाकर निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नोडल अधिकारी एवं सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। वार्ड नम्बर 1 से 10 की एरिया सभा की बैठक दिनांक 14 मार्च 2026 को तथा वार्ड नम्बर 11 से 20 की एरिया सभा की बैठक दिनांक 15 मार्च 2026 को आयोजित की जाएगी।

#### संबंधित वार्ड व बूथ में बैठक करेगी सभा

यह सभा (टीमें) अलॉट किए गए बूथ नंबर के अधीन आने वाले दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, वृद्ध अवस्था पेंशन एवं विधवा पेंशन के पात्र लाभार्थियों का सत्यापन करने का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि निदेशालय से प्राप्त हिदायतों के अनुसार प्रत्येक एरिया सभा संबंधित वार्ड व बूथ में बैठक आयोजित करके उक्त लाभार्थियों का सत्यापन समयबद्ध तरीके से करवाना सुनिश्चित करेंगे, ताकि लाभार्थियों की सत्यापन रिपोर्ट आगामी कार्यवाही के लिए निदेशालय प्रेषित की जा सके।

## अनुशासन में रहना पहला कर्तव्य

- सात दिन चलने वाले शिविर में विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर स्वयंसेवक रखेंगे अपने विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल



**करनाल।** एनएसएस शिविर को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए समिति के महासचिव स. सुरेंद्र पाल सिंह एवं प्रिंसिपल डा. चुहड़ सिंह स्वयंसेवकों से बातचीत करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

गुरु नानक खालसा कालेज की ओर से सात दिवसीय एनएसएस शिविर की शुरूआत विनायक कालेज काछवा में की गई। गुरु नानक खालसा कालेज प्रबंधन समिति के महासचिव सरदार सुरेंद्र पाल सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को जागरूक किया। प्रिंसिपल डा. चुहड़ सिंह ने स्वयंसेवकों को एनएसएस का इतिहास बताते हुए इसका महत्व समझाया।

#### नशे के प्रति जागरूक किया जाएगा

उन्होंने कहा कि अनुशासन में रहना स्वयंसेवकों का पहला कर्तव्य है। स्वयं सेवक समाज सेवा करने में हमेशा तत्पर रहते हैं। सामाजिक समस्याओं को हल करवाने के लिए समाज में चेतना पैदा करते हैं। सात दिन चलने शिविर में विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर स्वयंसेवक अपने विचार रखेंगे। नशे जैसी सामाजिक बुराई के प्रति लोगों को जागरूक और सचेत किया जाएगा। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने कैंप की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अजय कुमार व प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

### अतिरिक्त उपायुक्त ने 15 मार्च तक सभी कार्य पूरे कराने के दिए निर्देश

## जिला योजना की समीक्षा बैठक में लंबित विकास कार्यों पर चर्चा

**23 करोड़ 75 लाख में से अब तक 9 करोड़ 22 लाख रुपये विकास कार्यों पर खर्च**

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल




जिला सचिवालय में शुक्रवार को अतिरिक्त उपायुक्त योगेश मेहता की अध्यक्षता में जिला योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी विकास खंडों, नगरपालिकाओं और नगर निगम में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को लंबित कार्य 15 मार्च तक हर हाल में पूरा कराने के निर्देश दिए गए। जिला योजनाकार राजेंद्र सिंह ने बताया कि जिला योजना के तहत स्वीकृत 23 करोड़ 75 लाख रुपये की राशि में से अब तक 9 करोड़ 22 लाख रुपये विकास कार्यों पर खर्च किए जा चुके हैं। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने जिले के सभी नौ विकास खंडों के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों से लंबित कार्यों की जानकारी ली और निर्देश दिया कि सभी विकास कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे कर उनके बिल समय पर भेजे जाएं। बैठक में बताया गया कि विभिन्न विकास खंडों और नगरपालिकाओं में कुल 317 में से 200 निर्माण कार्य पूरे कराए जा चुके हैं। इनमें सामान्य वर्ग के 188 तथा अनुसूचित जाति उप योजना के 129 कार्य शामिल हैं।

#### ये रहे उपस्थित

विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया। इनमें असंध, घरौंडा, इंद्री, करनाल, कुंजपुरा, मुनक, नीलोखेड़ी, निसिंग और चिड़ाव के विकास कार्यों के साथ-साथ नगरपालिकाओं के कार्य भी शामिल हैं। बैठक में जिला योजनाकार राजेंद्र सिंह, घरौंडा नगरपालिका के सचिव रवि प्रकाश शर्मा, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मोनिका, सोमवीर खटखड़, गुरमालक सिंह सहित नगर निगम, नगरपालिकाओं और शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड पर पुलिस लाइन के पास जेसीबी मशीन की चपेट में आने से साइकिल सवार बुजुर्ग विपिन कुमार निवासी कृष्णपुरा की मौत हो गई। विपिन, ओम ओवरसीज कंपनी में नौकरी करते थे और वीरवार की शाम को करीब साढे छह बजे ड्यूटी खत्म कर साइकिल पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद विपिन का शव उसके परिजनों को सौंप दिया और जेसीबी के चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अपहरण कर पीटा, कार में आग लगाई

**पानीपत।** बाइक टकराने के विवाद में दो युवकों ने संतोष निवासी इंडो फार्म का अपहरण कर उसे बंधक बनाया। वहीं समझौते के लिए आए टैक्सी में सवार होकर आए परिजनों के साथ मारपीट की और टैक्स पर तेल डाल कर आग लगा दी। इधर, थाना चांदनी बाग पुलिस ने संतोष की शिकायत पर अवधेश व बाबूराम मूल निवासी गोंडा, यूपी, विकास चाचरा, सन्नौज उर्फ मनीष व ओंकार पर अपहरण, अवैध रूप से बंधक बनाने, मारपीट व आगजनी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### परीक्षा देने गए छात्रों को पीटा, केस दर्ज

**पानीपत।** हरियाणा शिक्षा बोर्ड की दसवीं की परीक्षा देने गए गांव गढी बेसक के छात्रों के साथ गांव जलालपुर प्रथम में शरारती तत्व ने मारपीट की। मारपीट में घायल छात्रों को दोबारा गांव में न घुसने की धमकी दी गई। पीड़ित छात्र सद्दाम ने बताया कि गढ़ी बेशक एक बड़ा गांव है, लेकिन वहां एग्जाम सेंटर नहीं बनाया जाता। इसके चलते उन्हें दूर जलालपुर फर्स्ट गांव के सेंटर पर जाना पड़ता है। गुरुवार को परीक्षा खत्म होने के बाद जब छात्र बाहर निकले, तो जलालपुर के कुछ शरारती तत्वों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि समुदाय विशेष और क्षेत्रवाद के नाम पर छात्रों के साथ मारपीट की गई, जिसमें वे और उनके साथी विद्यार्थी घालय हुए।

### एटीएम में ठगी करने वाला युवक पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने एटीएम मशीन में लोहे की पत्ती लगाकर ठगी करने वाले समालखा शिव कॉलोनी निवासी भरत को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर विरेंद्र ने बताया कि उपरोक्त मामले में थाना किला में कुटानी रोड निवासी आकाश भार्गव की शिकायत पर केस दर्ज है। वहीं, आरोपी भरत ने पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने ठगी करने की उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा। पूछताछ में आरोपी से खुलासा किया कि उसने एटीएम मशीन के कैश आउटलेट में लोहे की पत्ती फंसाकर निकलने वाले रूपए को रोक दिया था।

### सीएम विंडो के कार्य की समीक्षा की

**समालखा।** सीएम विंडो पर प्राप्त शिकायतों के निवारण हेतु आयोजित बैठक में सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन रामनिवास कौशिक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मिलकर शिकायतों की समीक्षा की तथा उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करवाई। बैठक में सनौली ब्लॉक से पंचायती विभाग और बिजली विभाग से संबंधित कुल 12 शिकायतें सामने आईं।

### यूजीसी के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन आठ को

**पानीपत।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल राणा ने बताया कि आठ मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान और जंतर मंतर पर यूजीसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में राजपूत धर्मशाला पानीपत से सैकड़ो की संख्या में स्वर्ण समाज संघर्ष समिति के लोग विशाल काफिले के साथ दिल्ली की तरफ कूच करेंगे।

### आईबी कॉलेज में कार्यशाला हुई

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा एक दिवसीय क्षमता निर्माण एवं मेंटरिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता पारस बत्तरा रहे। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य वक्ता को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

## पूरे आबादी क्षेत्र में ऐसी गाड़ियों की आवाजाही से गंदगी फैलेगी

# रिहायशी क्षेत्र में डंपिंग यार्ड बनाना गलत व जनहित की नीति के खिलाफ

- शहरी विधायक को लिखित में सामूहिक शिकायत देने पर चर्चा करके सर्व सम्मति जताई



पानीपत। डंपिंग यार्ड बनाने के विरोध में धरने पर बैठक नागरिक व माकना नेता आदि। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

डंपिंग यार्ड, चार्जिंग प्वाइंट, कूड़ा गाड़ियों की पुरानी शुगर मिल में पार्किंग बनाएं जाने की योजना के खिलाफ पिछले 17 दिनों से चल रहे विरोध धरना प्रदर्शन में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी पदाधिकारी का.डॉ.सुरेंद्र मलिक, का.सुनील दत्त व राजपाल ने समर्थन देते हुए कहा कि आबादी क्षेत्र में डंपिंग से जुड़ा हुआ कोई भी कार्य जैसे कूड़ा गाड़ियों की पार्किंग या चार्जिंग प्वाइंट या डंपिंग यार्ड का होना सरासर गलत है व जनहित की नीति के खिलाफ है। अगर पुरानी शुगर मिल में किसी भी तरह की चार्जिंग पॉइंट्स या कूड़ा गाड़ियों की पार्किंग से पूरे आबादी क्षेत्र में ऐसी गाड़ियों की आवाजाही से गंदगी फैलेगी। आज सभी वार्डवासियों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, उपायुक्त, आयुक्त नगर निगम पानीपत, मेयर, हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय विभाग, स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और शहरी विधायक को लिखित सामूहिक शिकायत देने पर चर्चा करके सर्व सम्मति से शिकायत दी। वहीं धरना समिति में तय किया गया कि जब तक प्रशासन द्वारा डंपिंग यार्ड, चार्जिंग प्वाइंट, पार्किंग न बनवाए जाने बारे लिखित आश्वासन न दे तब तक अनिश्चित काल धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में राजू जैन, पार्षद बबलू, पंकज कुमार एडवोकेटए सुभाष वर्मा, पूर्व पार्षद बलराम मकोल, आनन्द, नरेश जैन आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया, अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए।

## लंबित शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करें अधिकारी : डॉ. दहिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- शिविरों के माध्यम से लोगों को राहत पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी

जिला सचिवालय सभागार में समाधान शिविर प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने की। बैठक में समाधान शिविरों के दौरान विभिन्न विभागों में दर्ज शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे लंबित मामलों का जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित करें। उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि समाधान शिविर सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि शिविर में दर्ज शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। डा.दहिया ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का मौके पर और त्वरित समाधान करना है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे इन शिविरों के माध्यम से लोगों को राहत पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसलिए किसी भी विभाग की ओर से लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम मनदीप कुमार, सीईओ डॉ.किरण, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीएसपी सतीश वत्स, तथा पशुपालन विभाग से एसडीओ डॉ.श्री भगवान व संजीव शर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## युवक की हत्या के आरोप में 4 गिरफ्तार

- कोर्ट ने प्रमोद उर्फ विक्कल, अभिषेक व सोनू को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने होली के दिन हरि नगर में रोहित की सूए व ईंट से वार कर हत्या करने के चार आरोपियों सागर निवासी हरि नगर, अभिषेक निवासी बिल्लू कालोनी, पानीपत, प्रमोद उर्फ विक्कल और सोनू निवासी भगवती विहार, आगरा कैंट यूपी को गिरफ्तार किया है। कोर्ट ने प्रमोद उर्फ विक्कल, अभिषेक व सोनू को न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया। जबकि आरोपी सागर को पुलिस ने एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। पुलिस आरोपी सागर से रिमांड के दौरान गहनता से पूछताछ करने के साथ ही वारदात में प्रयुक्त सूआ बरामद करने और फरार आरोपियों के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेगी। स्मरणीय है कि हत्या के इस केस में थाना पुराना औद्योगिक में प्रतापपुर कासगंज यूपी हाल कच्चा फाटक शक्ति नगर निवासी मोहित पुत्र रणवीर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

## रोजेदारों ने नमाज अता की

**पानीपत।** रमजान माह के तीसरे जुमा के मौके पर शहर की मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोजेदार नमाज अदा करने के लिए पहुंचे। नमाज से पहले उलेमा.ए.किराम ने जकात और एतकाफ की अहमियत पर विस्तार से बयान किया। रोजेदारों ने देश दुनिया में अमन चैन खुशहाली की दुआ मांगी। मॉडल टाउन स्थित ईदगाह में नमाजियों का भारी हुजूम उमड़ा। यहां मौलाना सादिक ने रमजान का महीना रहमत, बरकत और मगफिरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस महीने में की गई इबादत का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। मस्जिद पुरानी कचेहरी के कारी इजहार अहमद जामिया फलाहुल मुस्लिमीन ने कहा कि इस्लाम में जकात को बहुत अहम दर्जा दिया गया है।

## आईबीएल स्कूल की प्राचार्या बनी अमिता

**पानीपत।** अमिता चोपड़ा ने आईबीएल पब्लिक स्कूल विद्यालय की प्रधानाचार्या का पद भार सम्भाल लिया। विद्यालय प्रबंधन की तरफ से सोसाइटी के प्रधान धर्मबीर बतरा, सचिव रवि गोसांई, कार्यकारी सदस्य एलएन मिगलानी, रमेश नागपाल, विनय नागपाल, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रबंधक युधिष्टर मिगलानी, सचिव राजेश नागपाल, कोषाध्यक्ष अशोक मिगलानी, विशिष्ट सदस्य विपुल नागपाल, अरुण बतरा के साथ उपप्रधानाचार्या मीना तनेजा व विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी गोबिंद कालड़ा उपस्थित रहे। सोसाइटी प्रधान धर्मबीर बतरा ने अमिता चोपड़ा को प्लान्टर व पेन सौंप कर उन्हें आधिकारिक रूप प्रधानाचार्या की बागडोर सौंपी।



पानीपत। आईबीएल पब्लिक स्कूल की नवनियुक्त प्राचार्या अमिता चोपड़ा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## नशे के विरुद्ध रिशपुर के ग्रामीणों को जागरूक किया



**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में आज जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने रिशपुर गांव में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताकर नशे के खिलाफ जागरूक किया। अभियान के जिला में नोडल अधिकारी डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति की सोचने समझने की शक्ति को कमजोर करता है। जिससे अपराध, घरेलू हिंसा और सडक दुर्घटनाओं जैसी घटनाओं में भी वृद्धि होती है। डीएसपी नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशे से संबंधित कोई भी सूचना टोल फ्री नंबर 1933 पर या नजदीकी पुलिस थाना में दें ताकी नशा तस्करों को काबू कर जेल की सलाखों के पीछे भेजा जा सके और नशे जैसी बुराई को समाप्त किया जा सके।

## पीएमएफएमई योजना लोगों के लिए लाभकारी

**पानीपत।** केंद्र सरकार द्वारा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास एवं सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत विशेष पहल की गई है। इस योजना के तहत इच्छुक लाभार्थी अपने नए अथवा मौजूदा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम की स्थापना, विस्तार एवं उन्नयन के लिए आवेदन कर सकते हैं। सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने में पीएमएफएमई योजना कारगर साबित हो रही है। डीसी डॉ दहिया ने बताया कि पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को ऋण पूंजी पर 35 प्रतिशत तक कैपिटल सब्सिडी प्रदान की जाती है।

## राजकीय कॉलेज में एनएसएस कैंप का शुभारंभ




पानीपत। राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ हुआ। समाज सेवक व योग शिक्षक डॉ.सुरेश सैनी मुख्य अतिथि व वक्ता रहे। प्राचार्य डॉ.हरिओम द्वारा स्वयंसेवकों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताते हुए और देश और समाज के प्रति प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक किया गया। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार ने किया। आचार्य सुरेश सैनी जी द्वारा स्वयंसेवकों को योगाभ्यास के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव .प्रबंधन के बारे में विस्तार से अवगत करवाया।

## बेस्ट होम्योपैथिक अवार्ड डॉ. केदार को मिला

**पानीपत।** केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने दिल्ली में आयोजित एक होटल में पानीपत के प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक गायत्री होम्योपैथिक क्लीनिक के संचालक डॉ. केदार बत्रा को बेस्ट होम्योपैथिक डॉक्टर का अवार्ड देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि डा. केदार बत्रा पानीपत की कई सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं में होम्योपैथिक डिस्पेंसरी में निःशुल्क सेवाएं दे रहे हैं। बेस्ट होम्योपैथिक डॉक्टर का पुरस्कार मिलने के बाद उनके परिचितों ने उन्हें शुभकामनाएं दी। वहीं डा. केदार बत्रा ने आयोजक संस्था का सम्मान देने पर आभार जताया।

## अधिकारों के प्रति जागरूक हो नारी शक्ति : शर्मा



पानीपत। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नेहा शर्मा के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तार से मंथन किया गया तथा विभिन्न सुझावों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपस्थित महिलाओं ने कार्यक्रम को प्रभावी और प्रेरणादायक बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। जिला अध्यक्ष ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण का प्रतीक है तथा इस दिन महिलाओं की सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर पिंकी वर्मा, शीना शर्मा, शिवानी पांचाल, अमृत कौर, बिमला देवी, कमला देवी, सुमन नरवाल, किरण जिंदल, बबीता राणा, मिथलेश शर्मा सहित अन्य महिलाओं ने बैठक में भाग लिया और अपने सुझाव साझा किए।

### बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय, सभी सह सरकार्यवाह आदि भाग लेंगे

## अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक 13 से, संघ की दृष्टि से यह सर्वोच्च निर्णायक इकाई की होती हैं बैठक

- कार्यक्रमों तथा अभियानों के वृत्तांत के साथ-साथ अनुभवों की बैठक में विशेष चर्चा रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। एसडी कॉलेज में प्रेस वार्ता करते हुए आरएसएस के राजेश गोयल आदि।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 13, 14 और 15 मार्च को आयोजित होने वाली अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा के बारे में एसडी कॉलेज में प्रेस से वार्ता की जानकारी दी। वहीं, संघ की दृष्टि से यह सर्वोच्च निर्णायक इकाई की बैठक होती हैं। प्रतिवर्ष होने वाली इस बैठक का आयोजन इस वर्ष ग्रामविकास एवं सेवा साधना केन्द्र, गांव पट्टीकल्याणा, समालखा, जिला पानीपत में होगा। यह वर्ष संघ शताब्दी का होने के नाते शताब्दी निमित्त आयोजित विजयादशमी उत्सव, गृहसंपर्क, हिन्दू सम्मेलन, युवा सम्मेलन, प्रमुख नागरिक गोष्ठी, सामाजिक सद्भाव बैठकें आदि कार्यक्रमों तथा अभियानों के वृत्तांत के साथ-साथ अनुभवों की बैठक में विशेष चर्चा रहेगी। वहीं, बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सभी सह सरकार्यवाह एवं अन्य पदाधिकारियों सहित कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से निर्वाचित प्रतिनिधि, प्रांत व क्षेत्र स्तर के प्रमुख पदाधिकारी सहित कुल 1489 कार्यकर्ता अपेक्षित हैं। बैठक में संघ प्रेरित विविध 32 संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री एवं संगठन मंत्री भी अपेक्षित रहेंगे। दूसरी ओर, संघ के पदाधिकारी राजेश गोयल, एसडी पीजी कॉलेज के प्राचार्य अनुपम, डीपीआरओ सुनील, एपीआरओ दीपक पाराशर, हरियाणा प्रांत के सह प्रचार प्रमुख विक्रांत वीर, विभाग प्रचार प्रमुख केदार, जिला प्रचार प्रमुख प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

### दूसरे प्रयास में 114 वां रैंक मिला, घर पर रह कर परीक्षा की तैयारी की, बधाई देने वालों का तांता लगा

## पानीपत की श्रेया बनी आईएएस, 22 साल की उम्र में यूपीएससी क्लियर किया

पानीपत के सेंट मेरी स्कूल से कॉमर्स में 12वीं कक्षा पास की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। यूपीएसई में चयनित श्रेया गुप्ता अपने परिजनों के साथ।

पानीपत की 22 वर्षीय श्रेया गुप्ता ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में 114वां रैंक हासिल कर अपना, अपने परिवार का, पानीपत व हरियाणा का नाम देश भर में रोशन किया है। श्रेया ने बताया कि उन्होंने दूसरे प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा हर स्तर पर उत्तीर्ण की है। पहले प्रयास में जब वह यूपीएससी क्लीयर नहीं कर पाई तो उसके अंदर निराशा का भाव गहरा गया था। वहीं मॉडल टाउन निवासी पिता एडवोकेट रमेश गुप्ता व माता पूनम गुप्ता ने हर स्तर पर सहयोग किया। रमेश व पूनम की गाइडेंस में उन्होंने अपनी कमियों को पहचाना व उन्हें दूर किया। दूसरे प्रयास में वे यूपीएससी क्लीयर कर गई। पानीपत के सेंट मेरी स्कूल से कॉमर्स में 12 वीं कक्षा पास की। जबकि लेडी श्रीराम कॉलेज, दिल्ली से श्रेया ने कॉमर्स में स्नातक की उपाधि ग्रहण की।

### सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी

श्रेया ने बताया कि उसने नामचीन कोचिंग सेंटर में शिक्षित होने के बजाए घर पर रह कर पढाई की, ऑनलाइन विशेषज्ञों से गाइडलाइन की। वहीं, श्रेया ने यूपीएससी की तैयारी के दौरान स्वयं को मोबाइल फोन सैट व सोशल मीडिया से दूर रखा। अनुशासित तरीके से मेहनत की। वहीं, अनुशासित मेहनत के बल पर माता व पिता के सहयोग से भगवान का आशीर्वाद से वे यूपीएससी में 114 वां रैंक हासिल कर पाई। वहीं, गुप्ता परिवार मूल रूप से गांव बिटानी जिला जींद के मूल निवासी है। करीब पचास साल श्रेया के दादा आनंद प्रकाश व दादी श्याम गुप्ता पानीपत के मॉडल टाउन में बस गया थे, दादा आनंद पेश से व्यापारी थे। जबकि, श्रेया का एक बडा भाई यश है जो आईआईएम मुंबई से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की शिक्षा ग्रहण कर रहा है। इधर, गुप्ता परिवार के घर पर श्रेया व उसके परिजनों को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## महिला सशक्तिकरण उत्सव आठ से

**पानीपत।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च के उपलक्ष्य में माता सीता रानी सेवा संस्था, निर्मला देशपांडे संस्थान, नारी कल्याण समिति, इनर व्हील क्लब मिड टाउन पानीपत और संत निरंकारी मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 8 से 14 मार्च तक महिला सप्ताह मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम की संरक्षिका कंचन सागर तथा संयोजिका पूजा सैनी ने संयुक्त अपील करते हुए कहा कि यह सप्ताह केवल उत्सव नहीं बल्कि एक संकल्प है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम। उन्होंने पानीपत वासियों से अनुरोध किया है कि अपनी इस पर्व को सफल बनाएं।

# दिशा की मीटिंग से कई अधिकारी गायब, सांसद ने दिए सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश

## सांसद बोले, हर अधिकारी को गंभीरता से करना होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) का आयोजन अंबाला शहर के पंचायत भवन में किया गया। इसमें लोकसभा सांसद वरुण चौधरी ने अध्यक्ष के तौर पर शिरकत की। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने पिछली बैठक में रखे गए एजेंडे की भी समीक्षा की। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त विराट, जिला परिषद के चेयरमैन मक्खन सिंह लबाना, नगर परिषद की अध्यक्ष स्वर्ण कौर, एएमसी दीपक सूरा, सीईओ जिला परिषद गगनदीप, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, एसडीएम विनेश कुमार मौजूद रहे।

सरकार की योजनाओं का हर नागरिक को मिलना चाहिए लाभ, अधिकारियों को दिए जरुरी निर्देश



अंबाला। दिशा की मीटिंग में मौजूद सांसद वरुण चौधरी व प्रशासनिक अधिकारी।

### वेबसाइट पर सभी योजनाएं अंकित होनी चाहिए

लोकसभा सांसद ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, राष्ट्रीय कैरियर सेवा, ई-श्रम पोर्टल, राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन, खेलो इंडिया, भारत नेट, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, डिजीटल इंडिया, प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक योजना, अमरूत योजना, जल जीवन मिशन, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान-पीएम कुसुम, पीएम स्वनिधि, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, पोषण अभियान, समेकित बाल विकास योजना समेत दूसरी सभी योजनाओं पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सांसद वरुण चौधरी ने बैठक के दौरान डिजिटल इंडिया-अटल सेवा केंद्र को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला प्रशासन की वेबसाइट पर सभी योजनाएं अंकित होनी चाहिए ताकि आमजन को उनकी जानकारी मिल सके।

### सांसद के निर्देश

सांसद ने अटल सेवा केंद्र के तहत कहा कि जो भी सीएचसी बिना लाइसेंस के सीएचसी बोर्ड चस्पा कर रहे हैं या किसी का लाइसेंस रद्द हो चुका है वह ऐसा कार्य न करें। यदि इसके बावजूद कोई ऐसा कार्य करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के लिए तय राशि से ज्यादा वसूली करने वालों सीएचसी सेंटर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने अंबाला शहर व अंबाला छावनी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सफाई व्यवस्था के कार्य के तहत भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि स्वच्छता रैंकिंग में अच्छा स्थान हासिल किया जा सके।

### ये होंगे कार्य

समग्र शिक्षा के तहत उन्होंने शिक्षा विभाग द्वारा उन्हें बताया गया है कि जिले में 85 क्लास रूम व 20 शौचालयो की मरम्मत का कार्य किया जाना है। उन्होंने इस कार्य को बेहतर समन्वय के साथ करने के आदेश दिए। इसके साथ-साथ उन्होंने सरकारी प्रेमनगर स्कूल में एक अन्य शौचालय बनाने की व्यवस्था बारे भी निर्देश दिए। उन्होंने खेलों इंडिया विषय के तहत मिनी स्टेडियमों की व्यवस्थाओं के साथ-साथ अन्य जानकारी हासिल की।

## खबर संक्षेप

### 'टटीरी' गीत को बैन करने की मांग

**बराड़ा।** गायक बादशाह के हाल ही में जारी रैपर गीत 'टटीरी' को लेकर हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) ने कड़ा ऐतराज जताया है। एसोसिएशन ने इस गीत को तुरंत प्रभाव से प्रतिबंधित करने की मांग की है। संगठन ने आरोप लगाया कि इस गीत में हरियाणा के ग्रामीण परिवेश और स्कूली छात्राओं को बेहद आपत्तिजनक ढंग से पेश किया गया है, जो सामाजिक मर्यादाओं के खिलाफ है। हसला का कहना है कि गीत में स्कूली छात्राओं को अपने बैग छत पर फेंकते हुए दिखाया गया है।

### हेरोइन तस्करी में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम ने हेरोइन तस्करी में तीन आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 26 ग्राम 1 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की गई है। निरीक्षक ऋषिपाल के नेतृत्व में जांच टीम ने बब्याल श्मशान घाट के पास से आरोपी राहुल को काबू किया। इस मामले की जांच के दौरान संलिप्तता पाए जाने पर एक अन्य आरोपी आशीष को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह रामबाग रोड से आरोपी मिकील कुमार को हेरोइन के साथ रंगे हाथों पकड़ा। अब आरोपियों से पूछताछ हो रही है।

### देसी पिस्तौल समेत किया गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए नारायणगढ़ को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीआईए टीम ने सूचना के आधार पर हुसैनी मोड़ से आरोपी को अवैध हथियार सहित काबू किया है।जांच टीम को सूचना मिली थी कि आरोपी मंदीप कुमार किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में घूम रहा है। तभी जांच टीम ने रेड कर उसे काबू किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से देशी पिस्तौल व जिंदा कारतूस जब्त किए गए।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी सुखविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। एवीटी सैल इंचार्ज ने बताया कि इस मामले में शिकायतकर्ता राजेश कुमार ने 27 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 12 जनवरी 2026 को गुरू रविदास बस्ती में स्थित उसके घर के सामने से आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी की है।

### सीआरएसयू जींद को अंतरराष्ट्रीय पहचान

**जींद।** हरियाणा के लिए गर्व का विषय है कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद को यूरोप की प्रतिष्ठित विज्ञान एवं शोध फंडिंग संस्था एफसीटी पुर्तगाल के साथ एक कोलाबरेटिव इंस्टीटयूट के रूप में पंजीकृत किया गया है। इस उपलब्धि के साथ अब सीआरएसयू के शिक्षक और शोधकर्ता यूरोप के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के साथ मिल कर अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजनाओं तथा फंडिंग कार्यक्रमों में भाग ले सकेंगे।

### सीसीएल लेना कठिन, दफ्तर के काटने होंगे चक्कर

**कैथल।** शिक्षा विभाग फिल्ड स्कूल, आफिस में काम करने वाली महिला कर्मियों को अब चाईल्ड केयर लीव (सीसीएल) लेना और भी कठिन हो गया है। महिला कर्मियों को सीसीएल के लिए स्कूल,बीईओ, डीईईओ, डीईओ, डायरेक्टर दफ्तर के चक्कर काटने पड़ते थे अब डीसी दफ्तर में भी जाकर गुहार लगानी पड़ेगी तथा सिफारिश करवानी पड़ेगी।

## टीम चित्रा ने सदन में कई सवालों पर जताई आपत्ति, मीटिंग का किया बायकाट

# नप की मीटिंग में हंगामा, चार सदस्यों ने अफसरों की कार्यशैली पर उठाए सवाल

*जुलाई 2025 की बैठक के मिनट्स की प्रमाणित प्रति देने की मांग*

*नीलम कश्यप ने एजेंडा निर्माण की प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि सभी सदस्यों से उनके-अपने वार्डों के विकास संबंधी प्रस्ताव लिखित रूप में लिए गए थे, किंतु एजेंडा सूची में उनके किसी भी प्रस्ताव को सम्मिलित नहीं किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी नगर परिषद की बैठक में टीम चित्रा के नप सदस्यों ने अफसरों की कार्यशैली पर बेहद गंभीर सवाल उठाए। सदस्य राहुल सोनकर (वीरू),संदीप शर्मा (दिप्पी पंडित),नीलम कश्यप एवं रणजीत कुमार(सोनू गुज्जर) ने ने स्पष्ट किया कि यह मात्र राजनीतिक विरोध नहीं बल्कि नगर परिषद के अधिकारियों और सत्ताधारियों द्वारा संविधान की अनुपालना न किए जाने पर सवाल है।

सदस्य नीलम कश्यप ने एजेंडा निर्माण की प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि सभी सदस्यों से उनके-अपने वार्डों के विकास संबंधी प्रस्ताव लिखित रूप में लिए गए थे, किंतु एजेंडा सूची में उनके किसी भी प्रस्ताव को सम्मिलित नहीं किया गया। उन्होंने प्रश्न उठाया कि क्या एजेंडा तय करने की कोई निर्धारित समय सीमा थी? क्या प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में जमा किए गए थे? यदि हां, तो उन्हें एजेंडा में शामिल न करने का कारण क्या है? उनका कहना है कि टीम चित्रा के चयनित सदस्यों के प्रस्तावों की अनदेखी प्रशासनिक पक्षपात को दर्शाती है।

सदस्य रणजीत कुमार ने एजेंडा से मुद्दों को बाहर रखने तथा अधिकारियों पर कथित दबाव को लेकर गंभीर शंका व्यक्त करते हुए कहा कि यदि आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले पार्षदों के मुद्दे एजेंडा में स्थान नहीं पाते, तो ऐसी बैठक की वैधता और औचित्य पर स्वतः प्रश्नचिह्न लग जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी बैठक को वैध तभी माना जा सकता है जब विधिवत नोटिस जारी किया गया हो, कोरम पूरा हो, कार्रवाई सही ढंग से दर्ज की जाए और उसे विधिवत अनुमोदित किया जाए, अन्यथा ऐसी बैठक को विधिक रूप से चुनौती दी जा सकती है।



अंबाला। मीटिंग का बायकाट करने वाले सदस्य।

### ये उठाए सवाल

- क्या एजेंडा तय करने की कोई निर्धारित समय सीमा थी?
- क्या प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में जमा किए गए थे?
- यदि हां, तो उन्हें एजेंडा में शामिल न करने का कारण क्या है?

### नगर परिषद बैठक की पारदर्शिता पर सवाल

सदस्यों ने यह भी कहा कि जब संसद और विधानसभा में कार्यवाही अधिकृत रूप से दर्ज होती है और किसी कथन को हटाने की स्थिति में उसका स्पष्ट उल्लेख किया जाता है, तो क्या नगर परिषद में भी वही सिद्धांत लागू किए जा रहे हैं। सदस्य राहुल सोनकर (वीरू) का कहना है कि नगर परिषद की प्रत्येक बैठक की कार्रवाई लिखने के लिए अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी का नाम हाउस के समक्ष घोषित किया जाना अनिवार्य है। कार्रवाई रजिस्टर एक सार्वजनिक दस्तावेज होता है। उसी की पारदर्शिता पर पूरी बैठक की वैधता निर्भर करती है। उन्होंने यह मांग भी रखी कि जुलाई 2025 में आयोजित पहली बैठक की कार्रवाई किस अधिकारी या कर्मचारी द्वारा लिखी गई थी उसका नाम सार्वजनिक रूप से बताया जाए तथा उसकी प्रमाणित प्रति सभी सदस्यों को उपलब्ध कराई जाए,ताकि विधिसम्मत पुष्टि की जा सके। सदस्य संदीप शर्मा ने विशेष रूप से यह प्रश्न उठाया कि जुलाई के बाद लंबे समय तक बैठक न बुलाना क्या हरियाणा नगरपालिका अधिनियम प्रावधान का उल्लंघन है? जिसमें नियमित अंतराल पर बैठक आयोजित करना अनिवार्य किया गया है। नगर परिषद कि बैठक लम्बे अंतराल लगभग आठ महीने बाद बुलाई गई हैं। जबकि एक महीने में एक बैठक होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि यदि अध्यक्ष अथवा प्रधान समय पर बैठक नहीं बुलाते, तो सदस्यों को विशेष बैठक बुलाने का अधिकार प्राप्त है। ऐसे में यह स्पष्ट किया जाए कि निर्धारित अवधि में बैठक क्यों नहीं बुलाई गई? उन्होंने यह भी कहा कि बैठक में उनके द्वारा व्यक्त किए गए विचारों और आपत्तियों को शाब्दिक रूप से मिनट्स में दर्ज किया जाना चाहिए। सदस्यों ने स्पष्ट किया कि यदि मिनट्स की प्रमाणित प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई, एजेंडा पारदर्शी प्रक्रिया से तय नहीं हुआ। नियमित बैठक की बाध्यता का पालन नहीं किया गया अथवा सदस्यों की असहमति दर्ज नहीं की गई, तो यह अधिनियम और लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना होगी।



# मुकुल ने किया यूपीएससी का एग्जाम क्रैक, ऑल इंडिया में मिली 242वीं रैंक

- बेटे की कामयाबी पर परिवार में जश्न का माहौल
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस पिलानी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में की स्नातक की पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला छावनी के रहने वाले मुकुल जिंदल की यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में ऑल इंडिया में 243 रैंक हासिल हुई है। उनकी इस कामयाबी के बाद पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। रिजल्ट आते ही रिश्तेदारों के साथ आसपास रहने वाले लोग भी उनके परिवार को बधाई देने के लिए जुट गए। 25 मार्च 1999 को जन्मे मुकुल जिंदल ने अपनी स्कूली शिक्षा के बाद बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस पिलानी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की पढ़ाई पूरी की।

### देश की सेवा उद्देश्य

मुकुल जिंदल इससे पहले भी यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा में तीन बार शामिल हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि पिछली बार उन्होंने यूपीएससी प्रीलिम्स और मेंस दोनों सफलतापूर्वक पास किए थे लेकिन अंतिम चयन सिर्फ 4 अंकों से रह गया था। इस बार मिली सफलता से उत्साहित हैं। जिंदल का कहना है कि उन्होंने देश की सेवा के उद्देश्य से सिविल सेवा को चुना। इस सफलता में उनके परिवार का पूरा सहयोग रहा। साथ ही उन लोगों का मार्गदर्शन भी उनके लिए महत्वपूर्ण रहा, जो सिविल सेवा में पहले से चयनित हैं, तैयारी कर रहे हैं या सेवा में कार्यरत हैं। मुकुल जिंदल का परिवार भी सामाजिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि से जुड़ा रहा है। उनके परदादा स्वर्गीय बनारसी दास जिंदल स्वतंत्रता सेनानी थे। उनके दादा सुरेश जिंदल ने पब्लिकेशन का कार्य शुरू किया जिसे उनके पिता सुमित जिंदल आगे बढ़ा रहे हैं। उनकी दादी वीणा जिंदल और माता गीतांजलि जिंदल ने परिवार और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया। वर्तमान में उनकी माता एस्ट्रोलॉजी, हस्तरेखा, टैरो कार्ड रीडिंग और वास्तु से संबंधित कार्य भी करती हैं।

## रिहायशी भवन में चोरी, गहने व नकदी ले गए चोर

**नारायणगढ़।** गांव कुल्लड़पुर में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। चोरों ने एक घर से लगभग 8 तोले सोने के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। परिवार के सदस्यों ने सुबह उठने पर घर का सामान बिखरा हुआ पाया, जिसके बाद चोरी का खुलासा हुआ। यह घटना 4 मार्च की रात को हुई जब घर के सभी सदस्य गहरी नींद में सो रहे थे। कुल्लड़पुर की बिमल कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने आधी रात को उनके घर में घुसकर अलमारी के ताले तोड़ दिए। सुबह करीब 4 बजे जब बिमल कौर उठीं तो उन्होंने देखा कि घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और अलमारियां खुली हुई थीं। कौर के अनुसार, चोरों ने घर से 2 तोले सोने की चेन, 1 तोले के सोने के झुमके और 5 तोले सोने के कंगन सहित कुल 8 तोले सोने के जेवरात चुरा लिए। इसके अलावा, चोर 5,200 रुपये की नकदी भी लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बिमल कौर की शिकायत के आधार पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

# पूर्व रेसलर द ग्रेट खली सहित कई विधायकों ने विज का हालचाल जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। ग्रेट खली मंत्री अनिल विज से मुलाकात करते हुए।

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से शुक्रवार को उनके आवास पर करनाल से पूर्व सांसद एवं राज्यसभा चुनाव के लिए हरियाणा से भाजपा प्रत्याशी श्री संजय भाटिया ने उनका हालचाल जानते हुए उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए मंगल कामना की।

विज के आवास पर विधायकों, पूर्व विधायकों सहित अन्य राजनेताओं, कार्यकर्ताओं व उनके प्रशंसकों ने हालचाल जानते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य के लिए कामना की। ऊर्जा मंत्री अनिल विज से पूर्व रेसलर द ग्रेट खली मुलाकात करते हुए उनका हालचाल जाना। इस दौरान खली ने जल्द स्वस्थ होकर वापस जनसेवा में लौटने की कामना की। उन्होंने कहा कि मंत्री अनिल विज हमेशा जनता के बीच रहते हैं। मंत्री से पूंडरी से पूर्व विधायक रणधीर सिंह गोलन, बंतो कटारिया, पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज, पूर्व गृह मंत्री सुभाष बत्रा, गोहाना से पंजाबी महासभा के अध्यक्ष इंद्रजीत विरमानी, गोहाना भाजपा अध्यक्ष बजिंदर सिंह, कालका से पूर्व विधायक लतिका शर्मा, ईएसआई एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. देशराज, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक मनीराम शर्मा ने भी उनका हालचाल जाना।

# रक्तदान शिविर में उमड़ा युवाओं-महिलाओं का उत्साह

- 92 युवाओं ने किया रक्तदान, बलजिंद्र ने 44वीं किया रक्तदान
- जिला युवा शक्ति संगठन की ओर से रक्तदान व चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर



शहजादपुर। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाती राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा व अन्य।

जिला युवा शक्ति संगठन द्वारा संगठन के कार्यालय में रक्तदान एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा तथा विशेष अतिथि समाजसेवी एवं सरपंच आजमपुर नवजोत सैनी ने किया। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य रेखा शर्मा ने कहा कि रक्तदान एक महादान है जिससे जरूरतमंद व्यक्ति को जीवनदान मिलता है। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि कस्बे व आसपास के क्षेत्रों के लोगों खासकर युवाओं के साथ-साथ महिलाओं ने भी रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर में बढ़-चढक़र भाग लिया। उन्होंने सभी स्वस्थ लोगों से समय-समय पर रक्तदान करने का अनुरोध किया। शर्मा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया। सरपंच नवजोत सैनी ने स्वयं भी रक्तदान किया और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि चिकित्सकों के अनुसार रक्तदान करने से दिल की बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा भी कम होता है। शिविर में कई युवाओं ने अपनी पत्नियों के साथ रक्तदान कर समाज के प्रति प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर का आयोजन एम केयर अस्पताल जिरकपुर के सहयोग से किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा मंडल प्रधान जगदीप कौर, नपा सदस्य सुरजीत सिंह, राजू मक्कड़ व संजीव कौशिक, भूपिंदर सिंह कपूर, यशपाल सिंह धुराला, राम शरण, सुंदर लाल झिडीवाला, रानी देवी, सुनीता देवी, शीला देवी, सुमित शर्मा, अरुण कुमार, किरण बाला, इंद्रजीत सिंह, पंकज शर्मा, राजेंद्र सिंह रावत, मीनाक्षी सैनी, प्रियानशु सिंह, खुशाल सिंह, कोमल रानी, योगेश शर्मा, डॉक्टर राकेश धीमान भुरेवाला, परवीन सहित ने भी शिविर में अहम योगदान दिया।

इस दौरान 92 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। संगठन के अध्यक्ष बलजिंद्र सिंह ने कनावां ने 44 वीं बार तथा महासचिव सोहन लाल शर्मा झिडीवाला ने 26 वीं बार रक्तदान किया।

# जैन स्थानक में जैन मुनियों का आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर



आत्मज्ञानी, ध्यानयोगी, युगप्रधान आचार्य सम्राट डॉ. श्री शिव मुनि तथा उपाध्याय प्रवर, संघ-सेतु गुरुदेव श्री रविंद्र मुनि के आज्ञानुवर्ती गुरु राम प्रेम सुख संत परिवार के मधुर वक्ता सेवा श्रमण रचित मुनि म.सा., मधुर कंठी तेजस मुनि आदि ठाणा एवं साध्वी मधुर गायिका पूर्णा महाराज का मंगलमय विराजमान अग्रवाल धर्मशाला में हुआ है।

इन पावन संतों का शुभ आगमन महावीर जैन प्राइमरी स्कूल, जैन स्थानक में हुआ जिससे समूचे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण बन गया है। उनके सानिध्य में प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक आध्यात्मिक सत्संग एवं प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें धर्म, साधना, आत्मजागरण और जीवन मूल्यों पर प्रेरणादायी प्रवचन सुनने का अवसर मिल रहा है। इस श्रृंखला के अंतर्गत 8 मार्च (रविवार) को प्रातः 9 बजे पंचमेष्ठी भगवान के नमस्कार महामंत्र जाप तथा विशेष प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में एडवोकेट दीप्ति बैंगानी ने बताया कि महाराज के सानिध्य में सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालु अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर दर्शन, सेवा और प्रवचन का लाभ लें। उन्होंने कहा कि साधु-संतों का आगमन अपने आप में अत्यंत सौभाग्य की बात होती है। यहां की पावन धरा पर जैन मुनियों का आगमन बहुत कम होता है, लेकिन संतों की कृपा से इस बार नगरवासियों को उनके प्रावास का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ है जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और सौभाग्य का विषय है।

## विकासः ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन की भी होगी स्थापना

# शाहपुर में स्थापित होगा 'ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान'

- युवाओं के लिए रोजगार के अवसर होंगे सृजित
- दोनों की स्थापना पर लगभग 11.65 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला छावनी को नई सौगात मिलने जा रही है। यहां गांव शाहपुर में राज्य सरकार कीओर से 'ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान स्थापित करने जा रही है। इसके अलावा, 'ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन' भी इसी गांव में स्थापित किया जाएगा। मंत्री अनिल विज बताया कि 'ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान और ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन' को स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उन्होंने बताया कि शाहपुर की 13 एकड 5 कनाल और 4 मरला भूमि पर "ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान और ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन" को स्थापित किया जाएगा। दोनों की स्थापना पर लगभग 11.65 करोड रुपए की राशि खर्च की जाएगी।

### परिवहन सेवाएं होंगी और आधुनिक

परिवहन मंत्री ने बताया कि "ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं रिसर्च संस्थान और ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन" की स्थापना से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सैकडों लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि इस संस्थान के माध्यम से आसपास के जिलों के हजारों प्रशिक्षित युवाओं को ओर अधिक हुनरमंद बनाने अर्थात अधिक कौशलयुक्त तैयार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ऑटोमेटेड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन की स्थापना से प्रति सप्ताह लगभग 300 वाहनों की फिटनेस की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि प्रदेश में परिवहन सुविधाओं को ओर अधिक सुचारू व सुगम बनाया जाए। इसके लिए उनके द्वारा नित नए दिन तकनीकी रूप से आधुनिक तरीके से सेवाओं को लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों परिवहन मंत्री ने राज्य परिवहन की बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए बस ट्रैकिंग सिस्टम और बस अडडों पर बसों के आवागमन की स्थिति की जानकारी डिजिटल रूप में दर्शाने के लिए डिजिटल बोर्ड लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हुए हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।